तोखू इमोंग त्योहार

अमूर फाल्कन के अतिरिक्त पक्षियों की अन्य प्रजातियों को शामिल करने के लियेचार **दिवसीय पहला प्रलेखन (Documentation) अभ्यास, तोखू इमोंग बर्ड काउंट (TEBC)** नगालैंड में आयोजित किया जा रहा है।

- इस त्योहार के लिये नागालैंड के वोखा ज़िले में प्रभुत्व रखने वाले नागा समुदाय**लोथाओं की फसल कटाई के बाद का समय निर्धारित किया गया है।**

तोखू इमोंग त्योहार:

- धर्म, संस्कृतिऔर मनोरंजन के लिये आदर्श माने जाने वाले वोखा ज़िले में, **'तोखू इमोंग' धूमधाम से व्यापक स्तर पर मनाया जाता है।**
- **प्रतिवर्ष 7 नवंबर से** मनाया जाने वाला यह त्योहार 9 दिनों तक चलता है।
- **'तोखू'** का अर्थ है **घर-घर जाकर प्राकृतिक संसाधनों और भोजन के रूप में टोकन एवं उपहार एकत्र करना** तथा **'इमोंग' का अर्थ है उस समय चयनित स्थान पर रुकना।**
- इस त्योहार के महत्त्वपूर्ण आकर्षण **सामुदायिक गीत, नृत्य, दावत, मस्ती आदि हैं।**
- इस त्योहार के माध्यम से **यहाँ के लोग दशकों पहले रचित अपने पूर्वजों की कहानियों को फिर से जीते हैं।**
- त्योहार के दौरान अनुग्रही चढ़ावा चढ़ाकर **आकाश एवं पृथ्वी के देवताओं से आशीर्वाद की कामना की जाती है।**

अमूर फाल्कन:

- अमूर फाल्कन दुनिया की सबसे लंबी यात्रा करने वाले शिकारी पक्षी हैं, ये **सर्दियों की शुरुआत के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हैं।**
- ये शिकारी पक्षी दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करते हैं तथा मंगोलिया एवं साइबेरिया से **भारत और हिंद महासागरीय क्षेत्रों से होते हुए दक्षिणी अफ्रीका तक लाखों की संख्या में प्रवास करते हैं।**
- इसका 22,000 किलोमीटर का प्रवासी मार्ग सभी एवियन प्रजातियों में सबसे लंबा है।
- इसका नाम '**अमूर नदी' के नाम पर पड़ा है जो रूस और चीन के मध्य सीमा बनाती है।**
- प्रजनन स्थल से दक्षिण अफ्रीका की ओर वार्षिक प्रवास के दौरान अमूर फाल्कन के लिये नगालैंड की दोयांग झील (Doyang Lake) एक ठहराव केंद्र के रूप में जानी जाती है। **इस प्रकार नगालैंड को "फाल्कन कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड" के रूप में भी जाना जाता है।**
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट के तहत इन पक्षियों को '**कम चिंताग्रस्त' (Least Concerned) के**

रूप में वर्गीकृत किया गया है लेकिन यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tokhu-emong-festival